Reg No : ---------------------
Name : ---------------------

SSLC ANNUAL EXAMINATION, MARCH 2022
HINDI

Time : 90 minutes **Third Language** **Total Score : 40**

सामान्य निर्देश :

- पहला 20 मिनट के समय प्रश्नों का वाचन करें, मनपसंद प्रश्नों का चयन करें तथा उत्तर लिखने की तैयारी करें ।
- सूचनाओं को ध्यान से पढें और उत्तर लिखें ।
- उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान दें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।
- 1 से 24 तक के प्रश्नों के लिए अधिकतम अंक 40 हैं ।

Score

PART - 1

A) सूचना : 1 से 6 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें । (4 X 1 = 4)

1. साहिल और बेला फुलेरा का स्कूल छोडनेवाले थे । क्यों ?
(क) फुलेरा का स्कूल अच्छा नहीं था । (ख) फुलेरा का स्कूल घर से दूर था ।
(ग) फुलेरा का स्कूल पाँचवीं तक ही था । (घ) फुलेरा का स्कूल साहिल और बेला को पसंद नहीं था ।

2. सही वाक्य चुनकर लिखें ।
(क) मोरपाल रोज़ आए करता था । (ख) मोरपाल रोज़ आया करता था ।
(ग) मोरपाल रोज़ आई करता था । (घ) मोरपाल रोज़ आई करती थी ।

3. ‘ अभिमन्यु ’- किसका प्रतिनिधित्व करता है ?
(क) अधर्म के विरोधी का (ख) मानवीय मूल्य का
(ग) जीवन की विषमताओं का (घ) महाशक्ति का

4. माँ को क्यों स्टेज से हटना पडा ?
(क) माँ की आवाज़ फट गई। (ख) लोगों ने गालियाँ दीं।
(ग) लोगों ने तालियाँ बजाईं। (घ) मैनेजर ने गाने से मना किया।

5. ‘ आँखें चमक उठीं ’- का तात्पर्य क्या है ?
(क) घर के सभी बीमार हो गए। (ख) घर के सभी बेसहारे हो गए।
(ग) घर के सभी दुखी हो गए। (घ) घर के सभी संतुष्ट हो गए।

6. गंगी ने क्षणिक सुख की साँस ली। क्यों ?
(क) कुएँ के पास कोई नहीं था (ख) पानी भरने कोई स्त्रियों को देखकर
(ग) कुएँ की जगत पर चढ सकने पर (घ) ठाकुर को देखकर

B) सूचना : 7 से 9 तक के प्रश्नों में से सभी 3 के उत्तर लिखें । (3 X 1 = 3)

7. ‘ क्या दीमकों ने खा लिया है
सारी रंग-बिरंगी किताबों को ’- इस पंक्तियों का मतलब क्या है ?
(क) बच्चे खेलने के अवसर से वंचित हैं। (ख) बच्चे पढने के अवसर से वंचित हैं।
(ग) बच्चे घर जाने के अवसर से वंचित हैं। (घ) बच्चे काम करने के अवसर से वंचित हैं।

8. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें।
गुठली रोती है। गुठली रोने लगी।
ताऊजी डाँटते हैं। ताऊजी ---------- ।

9. कवि ने हताश व्यक्ति के सामने हाथ क्यों बढाया ?

(क) उस व्यक्ति से सहायता माँगने केलिए ।

(ख) उस व्यक्ति को अपनी असहायता का परिचय देने केलिए ।

(ग) व्यक्ति उसका परिचित था ।

(घ) उसकी मुसीबत पहचानकर सहायता करने केलिए ।

PART - 2

A) सूचना : प्रश्न 10 का उतर एक या दो वाक्य में लिखें । (1 X 2 = 2)

10. कलाम चोरी का आरोप क्यों सह जाता है ?

B) सूचना : 11 से 12 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 1 के उत्तर लिखें । (1 X 2 = 2)

11. माँ ने अपने हाथ से उसका नाम कार्ड पे लिख दिया । क्यों ?

12. **कोष्ठक के उचित शब्द सही स्थान पर रखकर पिरामिड की पूर्ति करें ।**

फूल खिलते हैं।
खूबसूरत फूल खिलते हैं।
--------------- ।
--------------- ।

(पीले, पहाडों पर)

PART - 3

A) सूचना : 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । (3 X 3 = 9)

13. **तीन सही प्रस्ताव चुनकर लिखें ।**

(क) साहिल और बेला बारिश के मौसम में बीरबहूटियों को खोजते हैं ।

(ख) दोनों गाँव के स्कूल में छठी कक्षा में पढती हैं ।

(ग) बेला लंगडी टाँग खेलने जाने की ज़िद करती है ।

(घ) साहिल पैन में काली स्याही भरवाने दुकान जाता है ।

(ङ) बेला सिर पर पट्टी बँधवाने अस्पताल आती है ।

14. ' चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार... ।'- माँ का शो आखिरी हो जाने का कारण क्या था ?

15. ' हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं ? '- गंगी के इस विचार पर आपका मत क्या है ?

16. कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त - ये पंक्तियाँ किस हालत की ओर इशारा करती है ?

B) सूचना : प्रश्न 17 का उतर तीन या चार वाक्य में लिखें । (1 X 3 = 3)

17. लोग गोआ जाना क्यों पसंद करते हैं ?

PART - 4

A) सूचना : 18 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । (2 X 4 = 8)

18. चार्ली शो मैन बन जाने के घटना का जिक्र करते हुए चार्ली की माँ अपनी डायरी लिखती है । वह **डायरी** तैयार करें ।

SREEJITH.K, KUNDOOR, VARKALA SCRIPTS

19. चोरी का आरोप लगने पर छोटू चाय की थडी छोडकर भाग जाता है। अगले दिन के समाचार पत्रों में यह खबर आती है। इसपर **रपट** तैयार करें।

20. कवि और कविता का परिचय देते हुए इन **पंक्तियों का आशय** लिखें।

अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
बडे-बडे महारथी
अकेली निहत्थी आवाज़ को
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें
तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथ में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ !

B) सूचना : 21 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 1 के उत्तर लिखें। (1 X 4 = 4)

21. बालश्रम के विरुद्ध संदेश देनेवाला एक **पोस्टर** तैयार करें।

22. बुआ की नसीहतों के बारे में बताते हुए गुठली अपनी सहेली के नाम पर पत्र लिखती है। वह **पत्र** तैयार करें।

PART - 5

A) सूचना : 23 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 1 के उत्तर लिखें। (1 X 5 = 5)

23. साहिल बेला का रिपोर्ट कार्ड देख रहा था और बेला साहिल का। आज आखिरी बारी वे एक-दूसरे की कोई चीज़ को छूकर देख रहे थे। कहानी के प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें।

24. **उचित वाक्यांश चुनें, वाक्यों की पूर्ति करें।**

* चोटें करने लगा।
* अवसर की प्रतीक्षा करने लगी।
* पानी भर नहीं सकते।
* ठाकुर के कुएँ से पानी लेते हैं।
* पानी लेने पहुँची।

(क) सारे गाँव के लोग --------------------------------------- ।
(ख) रोत को गंगी --------------------------------------- ।
(ग) गंगी का विद्रोही दिल --------------------------------------- ।
(घ) कुएँ से बदनसीब लोग --------------------------------------- ।
(ङ) गंगी कुएँ के पास छिपकर --------------------------------------- ।

- o O o -